<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3650

24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

'सेल' के अंतर्गत विभिन्न इस्पात संयंत्रों का विनिवेश

3650. श्री मोहम्मद अली खानः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ('सेल') के अंतर्गत विभिन्न इस्पात और मिश्र धातु संयंत्रों का विनिवेश करने का विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विनिवेश के लिए नियत इस्पात संयंत्रों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): सरकार ने यह मंजूरी दे दी है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की दो इकाइयों अर्थात् विश्वेश्वरैया लोहा एवं इस्पात संयंत्र (भद्रावती), सेलम इस्पात संयंत्र (सेलम) और अलॉय इस्पात संयंत्र (दुर्गापुर) का विनिवेश दो-चरणीय नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से पहचान किए गए उपयुक्त (स्ट्रैटेजिक) क्रेता को कर दिया जाए। तद्नुसार, सेल द्वारा दिनांक 04.07.2019 को एक रुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रैशन ऑफ इंटरेस्ट) (ईओआई) जारी कर दी गई है।

****